मेडिकल एंट्रेंस • परिणाम 12 नवंबर को होगा जारी, 20 नवंबर तक करें रिपोर्टिंग

नीट यूजी: अब स्ट्रे वैकेंसी राउंड में सीट छोड़ने के बाद भी अगले साल परीक्षा देने का मौका

भास्कर एक्सपर्ट

नितिन विजय
नीट यूजी एक्सपर्ट

मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की ओर से नीट यूजी की काउंसलिंग अब अपने अंतिम चरण में है। स्ट्रे वैकेंसी राउंड की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस दौरान एमसीसी ने बड़ा बदलाव किया है। अब अगर कोई छात्र स्ट्रे वैकेंसी राउंड में सीट लेने के बाद उसे छोड़ता है, तो भी वह अगले साल नीट यूजी परीक्षा देने के लिए पात्र रहेगा। एमसीसी सिर्फ उसकी सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि रखेगा। हालांकि ऐसे छात्र अब स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड में भाग नहीं ले सकेंगे।

स्ट्रे वैकेंसी राउंड के बाद सीटें खाली रहने पर स्पेशल स्ट्रे राउंड होता है। यह राउंड पहले 3 चरण पूरे होने पर होता है। जिन्हें पहले ही सीट मिल गई है, वे इसमें हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

ऐसा रहेगा काउंसलिंग का शेड्यूल

- **रजिस्ट्रेशन:** 4 से 9 नवंबर
- **चॉइस फिलिंग/लॉकिंग** 5 से 9 नवंबर
- **सीट आवंटन प्रक्रिया** 10 और 11 नवंबर
- **स्ट्रे राउंड का परिणाम** 12 नवंबर
- **रिपोर्टिंग टाइमिंग** 13 से 20 नवंबर तक

- **25032 रैंक वाले को भी मिला था कॉलेज:** पिछले साल स्ट्रे वैकेंसी राउंड में ओपन कैटेगरी के एक छात्र को 25032 रैंक पर भी मेडिकल कॉलेज आवंटित हुआ था। वहीं, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को पिछले साल एक लाख से अधिक रैंक पर भी कॉलेज मिला था। इस बार यह रैंक और भी बढ़ सकती है।

सीट नहीं मिलने वालों को रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं

वे उम्मीदवार जिन्होंने तीसरे दौर में रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन उन्हें सीट नहीं मिली या आवंटित सीट पर रिपोर्ट नहीं की, उन्हें दोबारा पंजीकरण करने की जरूरत नहीं है। वहीं, जो छात्र पहली बार इस राउंड में आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा कर नया विकल्प भरना होगा। उम्मीदवारों को विस्तृत जानकारी और अपडेट के लिए एमसीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी गई है।

पहले तीन राउंड में जॉइन करने वालों की सूची जारी

एमसीसी ने तीसरे राउंड तक सीट आवंटन की सूची भी जारी कर दी है। तीसरे राउंड में एनआरआई को 13 लाख रैंक पर बैंगलुरु के एक निजी कॉलेज में सीट मिली है। स्ट्रे वैकेंसी के लिए खाली सीटों की सूची जल्द जारी होगी।